# NCERT Solutions for 6th Class Hindi: Chapter 7-साथी हाथ बढ़ाना

IndCareer
Schools

indCareer indCareer indCareer

# NCERT Solutions for 6th Class Hindi: Chapter 7-साथी हाथ बढ़ाना

Class 6: Hindi Chapter 7 solutions. Complete Class 6 Hindi Chapter 7 Notes.

## NCERT Solutions for 6th Class Hindi: Chapter 7-साथी हाथ बढ़ाना

NCERT 6th Hindi Chapter 7, class 6 Hindi Chapter 7 solutions

प्रश्न अभ्यास

पृष्ठ संख्या: 56

गीत के बारे में

**1.** यह गीत किसको संबोधित है।

उत्तर

यह गीत मजदूरों को संबोधित है।

**2.** इस गीत की किन पंक्तियों को तुम अपने आसपास की ज़िंदगी में घटते हुए देख सकते हो**?**

उत्तर

साथी हाथ बढ़ाना

एक अकेला थक जाएगा, मिलकर बोझ उठाना

साथी हाथ बढ़ाना।

हम मेहनत वालों ने जब भी, मिलकर कदम बढ़ाया

सागर ने रस्ता छोड़ा, परबत ने सीस झुकाया

फौलादी हैं सीने अपने, फौलादी हैं बाँहें

हम चाहें तो चट्टानों में पैदा कर दें राहें

उपर्युक्त पंक्तियों को हम अपने आसपास, किसी कार्यालय या कंपनी में देख सकते हैं।

**3.** 'सागर ने रस्ता छोड़ा**,** परबत ने सीस झुकाया**' -** साहिर ने ऐसा क्यों कहा है**?** लिखो।

उत्तर

साहिर ने इन पंक्तियों को मनुष्य के साहस और हिम्मत का परिणाम दिखाने के लिए कहा है। मनुष्य जब मेहनत करना शुरू करता है तो सागर भी अपना रास्ता छोड़ देते हैं और पर्वत भी झुक जाते हैं यानी बड़े से बड़े मुसीबत भी हल हो जाते हैं। इसी हिम्मत के कारण मनुष्य ने सागर चीर पुलों का निर्माण किया और पहाड़ों पर भी राहें बनायीं हैं।

**4.** गीत में सीने और बाँह को फ़ौलादी क्यों कहा गया है**?**

उत्तर

सीना मनुष्य की मजबूत इच्छाशक्ति को दिखता है और कार्यों को पूरा करने का साधन हाथ ही है इसलिए गीत में सीने और बाँह को फ़ौलादी कहा गया है।

भाषा की बात

**1. •** अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता।

• एक और एक मिलकर ग्यारह होते हैं।

(क) ऊपर लिखी कहावतों का अर्थ गीत की किन पंक्तियों से मिलता-जुलता है**?**

**(ख)** इन दोनों कहावतों का अर्थ कहावत-कोश में देखकर समझो और वाक्य के संदर्भ में उनका प्रयोग करो।

उत्तर

(क) ऊपर लिखी कहावतों का अर्थ गीत की निम्न पंक्तियों से मिलता-जुलता है -

• साथी हाथ बढाना

एक अकेला थक जाएगा, मिलकर बोझ उठाना

साथी हाथ बढाना।

हम मेहनत वालों ने जब भी, मिलकर कदम बढाया

सागर ने रस्ता छोडा, परबत ने सीस झुकाया

फौलादी हैं सीने अपने, फौलादी हैं बाँहें

हम चाहें तो चट्टानों में पैदा कर दें राहें

साथी हाथ बढाना।

• एक से एक मिल तो कतरा, बन जाता है दरिया

एक से एक मिले तो ज़र्रा, बन जाता है सेहरा

एक से एक मिले तो राई, बन जाता है पर्वत

एक से एक मिले तो इंसाँ, बस में कर ले किस्मत

साथी हाथ बढाना।

(ख)) अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता (अकेला व्यक्ति सारी मुसीबतों का सामना नहीं सकता) - रोहन ने ऑफिस सारा काम खुद करना चाहा परन्तु असफल रहा, सच कहा गया है अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता।

(ग) एक और एक मिलकर ग्यारह होते हैं (एकता में ताकत होती है) - इस काम को मिलजुलकर कर किया जाए तो यह संभव है क्योंकि एक और एक मिलकर ग्यारह होते हैं।

**2.** नीचे हाथ से संबंधित कुछ मुहावरे दिए हैं। इनके अर्थ समझो और प्रत्येक मुहावरे से वाक्य बनाओ -

(क) हाथ को हाथ न सूझना (अँधेरा होना) - बिजली चली जाने पर कमरे में हाथ को हाथ नहीं सूझ रहा था।

(ख) हाथ साफ़ करना (चोरी करना) - मौका मिलते ही चोर ने पर्स पर अपना हाथ साफ़ कर दिया।

(ग) हाथ-पैर फूलना (डर से घबरा जाना) - साँप देख लेने से उसके हाथ-पैर फूल गए।

(घ) हाथों-हाथ लेना (स्वागत करना) - कम्पनी का नया सामान निकलते ही लोगों ने उसे हाथों-हाथ लिया।

(ड) हाथ लगना (अचानक कुछ मिल जाना) - रास्ते में रोहित को सोने की चेन हाथ लग गयी।

# Chapterwise NCERT Solutions for Class 6 Hindi :


- Chapter 1-वह चिड़िया जो (कविता)
- Chapter 2-बचपन (संस्मरण)
- Chapter 3-नादान दोस्त (कहानी)
- Chapter 4-चाँद से थोड़ी-सी गप्पें
- Chapter 5-अक्षरों का महत्व
- Chapter 6-पार नज़र के
- Chapter 7-साथी हाथ बढ़ाना
- Chapter 8-ऐसे-ऐसे
- Chapter 9-टिकट-अलबम
- Chapter 10-झांसी की रानी
- Chapter 11-जो देखकर भी नहीं देखते
- Chapter 12-संसार पुस्तक है
- Chapter 13-मैं सबसे छोटी होऊँ
- Chapter 14-लोकगीत
- Chapter 15-नौकर
- Chapter 16-वन के मार्ग में

# About NCERT

The National Council of Educational Research and Training is an autonomous organization of the Government of India which was established in 1961 as a literary, scientific, and charitable Society under the Societies Registration Act. The major objectives of NCERT and its constituent units are to: undertake, promote and coordinate research in areas related to school education; prepare and publish model textbooks, supplementary material, newsletters, journals and develop educational kits, multimedia digital materials, etc.Organise pre-service and in-service training of teachers; develop and disseminate innovative educational techniques and practices;collaborate and network with state educational departments, universities, NGOs and other educational institutions; act as a clearing house for ideas and information in matters related to school education; and act as a nodal agency for achieving the goals of Universalisation of Elementary Education.In addition to research, development, training, extension, publication and dissemination activities, NCERT is an implementation agency for bilateral cultural exchange programmes with other countries in the field of school education.Its headquarters are located at Sri Aurobindo Marg in New Delhi. Visit the Official NCERT website to learn more.